**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी द्वारा अस्मिता कार्यक्रम का आयोजन

## चार अंग्रेज़ी लेखिकाओं ने प्रस्तुत कीं अपनी कविताएँ

**नई दिल्ली 13 जुलाई 2021**, साहित्य अकादेमी द्वारा आज वेबलाइन साहित्य श्रृंखला के अंतर्गत अस्मिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चार भारतीय अंग्रेजी लेखिकाओं ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में भाग लेने वाली यह रचनाकार थीं – मिताली मधुस्मिता, नीलम चंद्रा, नेहा बंसल एवं नीतू। प्रस्तुत कविताओं में जहां सामाजिक सरोकारों की छाया थी वहीं कई पौराणिक आख्यानों के स्त्री पात्रों के आधार पर महिला के विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया गया था।

कुछ रचनाएं महिलाओं के विभिन्न दायित्वों जैसे मां, बेटी आदि पर भी केंद्रित थीं। जहां मिताली मधुस्मिता की कविताओं की प्रस्तुति की सरलता प्रभावित करने वाली थी वहीं नीलम चंद्रा की कविताओं में तात्कालिक सामाजिक सरोकारों की सार्थक प्रस्तुति थी। नेहा बंसल की कविताएं पौराणिक आख्यानों की महिला पात्रों मंदोदरी, रेणुका, हिडिंबा आदि पर केंद्रित थीं। नीतू जी की कविताओं में आतंकवाद से प्रभावित महिलाओं की स्थिति का मार्मिक वर्णन था। उन्होंने अपनी कुछ हिंदी कविताएं भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने सभी चारों सम्मिलित रचनाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन उपसचिव कृष्णा किंबाहुने ने किया।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in